दैनिक भास्कर
नई दिल्ली 18-06-2024

महिलाओं के लिए के.आर. मंगलम विवि दिल्ली एनसीआर में सबसे सुरक्षित

नई दिल्ली | के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय (के.आर.एमयू) गुरुग्राम, हरियाणा को 'दिल्ली एनसीआर में महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित विश्वविद्यालय' के रूप में सम्मानित किया गया है। यह समारोह नई दिल्ली के द पार्क होटल में सम्पन्न हुआ। साथ ही इस समारोह में के.आर.एमयू को उत्तरी भारत के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय उभरते विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी गई है। इस समारोह में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश, माननीय न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा ने यह सम्मान प्रदान किया।

विश्वविद्यालय ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए भागीदारी जन सहयोग समिति, स्वप्निल पंख फाउंडेशन, दिल्ली राज्य कानूनी प्राधिकरण और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स नई दिल्ली के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय की ओर से स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के डीन प्रोफेसर (डॉ.) नीरज खत्री ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि यह मान्यता हमारे विश्वविद्यालय समुदाय के सामूहिक प्रयासों से संभव हुई। इसलिए आपके समर्थन के लिए धन्यवाद क्योंकि हम शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रख रहे हैं।

के.आर.एमयू, जो हरियाणा के अग्रणी निजी विश्वविद्यालयों में से एक है, पूरी तरह से समझता है कि नए वातावरण से निपटना कभी-कभी युवा छात्रों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अतः के.आर.एमयू में, शिक्षार्थियों के लिए एक बिल्कुल सुरक्षित और उत्साहजनक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए संस्थान में एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की स्थापना की है।